प्रेषक,

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
देहरादून।

सेवा में,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक :– महानिदे0/5480-92/विविध–बा0दि0/2013–14 दिनांक 11 नवम्बर,2013

विषय :– 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाये जाने विषयक।

महोदय,

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व0 जवाहर लाल नेहरू जी के जन्म दिवस को प्रतिवर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। चूँकि इस वर्ष 14 नवम्बर को मोहर्रम का राजपत्रित अवकाश है, इसलिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को 15 नवम्बर 2013 को प्रत्येक विद्यालय में बाल दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित करें। साथ ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों को यह भी निर्देशित करें कि बाल दिवस पर प्रार्थना सभा में पं0 जवाहर लाल नेहरू जी के जीवन एवं कार्यों के सम्बन्ध में छात्र–छात्राओं को अवगत कराते हुए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का तथा बच्चों से सम्बन्धित अन्य क्रिया–कलाप भी आयोजित करें।

भवदीया

(राधिका झा)
महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
देहरादून।